Cut & Keep

# Education भास्कर

टेस्ट सीरीज में आज पढ़िए सिविल सर्विसेस प्रारंभिक परीक्षा में पूछे जाने वाले इंडियन हिस्ट्री एंड कल्चर से संबंधित संभावित सवाल और जवाब। एक्सपर्ट द्वारा तैयार ये सैंपल पेपर सिविल सर्विसेस परीक्षा के ताजा पैटर्न पर आधारित हैं।

**सिविल सर्विसेस (प्री) टेस्ट सीरीज (अंक-15)**

## भारतीय इतिहास एवं संस्कृति

**1. संस्कृत के महान कवि व नाटककार राजशेखर का संबंध गुर्जर प्रतिहारों से है, ये किसके राजदरबारी थे?**
(अ) भोज (ब) महेंद्रपाल
(स) महिपाल (द) इनमें से कोई नहीं

**2. निम्न कथनों पर विचार करें -**
**(क) चोल प्रारंभ में चालुक्यों के सामंत हुआ करते थे।**
**(ख) चोलों ने चालुक्यों के कल्याणी तथा पांड्यों के देश में लूटपाट व कत्लेआम की रणनीति अपनाई थी जो चोलों पर कलंक है।**
**सत्य कथन है/हैं-**
(अ) केवल क (ब) केवल ख
(स) क और ख (द) न क और न ही ख

**3. मंदिर निर्माण की द्रविड़ शैली के बारे में विचार करें -**
**(क) गर्भगृह के ऊपर कई मंजिलों का निर्माण किया जाता था, जो ऊपर से संकरी होती जाती थी। इसे विमान शैली कहते हैं।**
**(ख) मुख्य मंदिर भवन के सामने सपाट छत वाला एक प्रांगण होता है जहां विभिन्न उत्सव व नृत्य आयोजित होते थे, इसे मंडपम् कहते हैं।**
**(ग) मंदिर के परिक्रमापथ विशाल होते थे, इनमें सिंहद्वार होते थे जिसे गोपुरम् कहा जाता है।**
**सत्य कथन है/हैं -**
(अ) क और ख (ब) ख और ग
(स) क और ग (द) क, ख और ग

**4. निम्न कथनों पर विचार करें -**
**(क) चाऊज कुआ चीनी यात्री के अनुसार गुजरात के स्त्री व पुरुष दोनों कुंडल व बाली पहना करते थे और इनके कपड़े तंग होते थे।**
**(ख) मार्को पोलो कहता है कि मालाबार के राजा कटिवस्त्र ही पहनते थे, लेकिन आभूषण ज्यादा पहना करते थे।**
**असत्य कथन है/हैं -**
(अ) केवल क (ब) केवल ख
(स) क और ख (द) न क और न ही ख

**5. लिंगायत संप्रदाय के बारे में विचार करें-**
**(क) इसकी स्थापना बासव व चन्नाबासव ने की।**
**(ख) बासव व चन्नाबासव कर्नाटक के कलचुरी राजा के दरबार से संबंधित थे।**
**(ग) इन्होंने जैनियों से विवाद के बाद इस संप्रदाय की स्थापना की।**
**(घ) यह विधवा पुनर्विवाह का समर्थन नहीं करता।**
**सत्य कथन है/हैं-**
(अ) क, ख और घ (ब) ग और घ
(स) क और ख (द) क, ख और ग

**6. निम्नलिखित में से सुमेलित नहीं है-**
**(क) वृहदीश्वर : कांची**
**(ख) बोरोबुदूर : जावा**
**(ग) अंकोरवाट : कंबोडिया**
**कूटः-**
(अ) केवल क (ब) ख और ग
(स) क और ख (द) क, ख और ग

**7. निम्नलिखित में से सही सुमेलित है-**
**(क) दीवान-ए-आरिज-सैनिक विभाग**
**(ख) दीवान-ए-रिसाल-धर्म संबंधी मामलों का विभाग**
**(ग) दीवान-ए-इंशा- पत्र विभाग**
(अ) क और ख (ब) क, ख और ग
(स) क और ग (द) ख और ग

**8. जजिया एक कर था, जो गैर मुस्लिमों से लिया जाता था। यह कर किस एवज में लिया जाता था -**
(अ) सैनिक सेवा के एवज में (ब) धार्मिक सेवा के एवज में
(स) राज्य के विकास के एवज में (द) इनमें से कोई नहीं

**Answer** 1 (स) 2 (ब) 3 (द) 4 (द) 5 (द) 6 (अ) 7 (ब) 8 (अ)

पूरा सैंपल पेपरः **www.dainikbhaskar.com** पर

**भास्कर एक्सपर्ट**

**- डॉ. प्रदीप कुमार,** *सिविल सेवा परीक्षा स्ट्रैट्जी एक्सपर्ट*
dr.drpradeepkumar@gmail.com

## अपॉर्च्युनिटी अपडेट

### नेशनल स्कॉलरशिप एग्ज़ाम, 2017

इस प्रतियोगिता में 5वीं कक्षा से लेकर डिग्री करने वाले छात्र भाग ले सकते हैं। छात्रों से 100 नंबर के वैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएंगे। 50 प्रश्न जनरल नॉलेज, 25 मैथ्स और 25 सोशल साइंस से होंगे। इसके लिए 1 घंटे 30 मिनट का समय मिलेगा। यह 17 दिसंबर, 2017 को आयोजित होगी। प्रत्येक कक्षा से तीन विजेताओं को चुना जाएगा। 4 से 100वीं रैंक वाले छात्रों को भी इनाम और अन्य छात्रों को सर्टिफिकेट दिए जाएंगे।
**अंतिम तिथि :** 30 सितंबर, 2017
**लिंक :** www.niceedu.org/scholarship.html

### स्टूडेंट एंड टैलेंट रिवॉर्ड टेस्ट, 2017

इस प्रतियोगिता में छठवीं से बारहवीं कक्षा तक के छात्र भाग ले सकते हैं। इसमें एनसीईआरटी के सिलेबस से प्रश्न पूछे जाएंगे। छठवीं से 10वीं कक्षा के छात्रों से जनरल साइंस और साइंस विषयों से प्रश्न पूछे जाएंगे। ग्यारहवीं-बारहवीं के छात्रों से उनकी स्ट्रीम से संबंधित विषयों के प्रश्न पूछे जाएंगे। इसमें हिस्सा लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विजेताओं को इनाम दिया जाएगा।
**अंतिम तिथि :** 10 सितंबर, 2017
**लिंक :** http://resostart.in/

**सवाल और सुझाव के लिए एसएमएस कीजिए... 9200012345 पर या ई-मेल कीजिए**
education@dbcorp.in

Cut & Keep

# पीयू : वाणिज्य में छात्रों से दोगुनी छात्राओं ने दी प्रवेश परीक्षा

एजुकेशन रिपोर्टर | पटना

पटना विश्वविद्यालय के स्नातक वाणिज्य में नए सत्र में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा मंगलवार को हुई। इसमें छात्रों से दोगुनी छात्राओं ने भाग लिया। प्रवेश परीक्षा में कुल 100 प्रश्न पूछे गए जिसमें गणित, वाणिज्य और सामान्य ज्ञान के सवाल शामिल रहे। प्रवेश परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों को लेकर छात्र-छात्राओं को दिक्कत नहीं हुई। इसलिए संभावना है कि स्नातक वाणिज्य में नामांकन के लिए कटऑफ ऊंचा रहे। इस संबंध में प्रतिकुलपति प्रो. डॉली सिन्हा ने बताया कि वाणिज्य संकाय में दाखिले के लिए 676 छात्रों ने परीक्षा दी जबकि 1233 छात्राएं शामिल हुईं।

मगध महिला कॉलेज से प्रवेश परीक्षा देकर निकलतीं छात्राएं।



**किस परीक्षा केंद्र पर कितने परीक्षार्थी**

| पटना वीमेंस कॉलेज | मगध महिला कॉलेज | बीएन कॉलेज | वाणिज्य महाविद्यालय |
|---|---|---|---|
| 457 | 776 | 472 | 676 |

### छात्रों को मौके कम

स्नातक वाणिज्य में पटना विश्वविद्यालय में कुल 650 सीटें हैं। इसमें मगध महिला कॉलेज में 250 सीटें छात्राओं के लिए हैं। हालांकि ये सभी सीटें वोकेशनल कोर्स के अंतर्गत हैं, इसलिए यहां नामांकन लेने वाली छात्राओं को फीस देनी होगी। वहीं वाणिज्य महाविद्यालय में 400 सीटें हैं जहां छात्र और छात्राएं दोनों नामांकन ले सकेंगे। वाणिज्य महाविद्यालय में नामांकन लेने वाली छात्राओं को फीस नहीं देनी होगी, क्योंकि कन्वेंशनल कोर्सेज में छात्राओं की फीस राज्य सरकार ने माफ कर रखी है।

## न्यूज ब्रीफ

### एनआईटी में स्पेशल एग्जाम का शेड्यूल वेबसाइट पर जारी

**पटना |** एनआईटी पटना के वर्तमान सत्र के वैसे छात्र जो पासआउट होने वाले हैं और उनका कोई पेपर बाकी रह गया है, उनके लिए स्पेशल एग्जाम का शेड्यूल जारी किया गया है। शेड्यूल संस्थान की वेबसाइट www.nitp.ac.in पर है। इस एग्जाम के लिए बीआर्क, बीटेक, इंटीग्रेटेड एमएससी, एमटेक, पीएचडी के सभी प्रोग्राम के सभी सेमेस्टर के छात्र आवेदन दे सकते हैं। छात्र 10 जून तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। 28 जून से परीक्षा होगी।

### एक जुलाई को प्रतिभा सम्मान समारोह, टॉपर होंगे सम्मानित

**पटना |** बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. डीके सिंह एवं उपाध्यक्ष डॉ. एसएम सोहेल ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह 1 जुलाई को एसके मेमोरियल हॉल में होगा। इसमें 10वीं एवं 12वीं के सीबीएसई एवं आईसीएसई के प्रत्येक स्कूल के तीन टॉपर को सम्मानित किया जाएगा। इसका उद्घाटन राज्यपाल रामनाथ कोविंद और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा व उपेंद्र कुशवाहा करेंगे।

### 'बोर्ड ने गलत सूचना देकर सीएम को गुमराह किया'

**पटना |** बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष केदारनाथ पांडेय एवं महासचिव शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने संयुक्त बयान में कहा कि बिहार बोर्ड ने सीएम को गलत सूचना देकर गुमराह किया है। संघ ने सीएम से मांग की है कि मूल्यांकन केंद्रों पर उपलब्ध परीक्षकों की सूची से मिलान कर इसका सत्यापन कराया जाए।

**तैयारी** | कम उम्र दिखा या नाम बदलकर नहीं दे सकेंगे परीक्षा, 'डी-डुप्लीकेशन' से चलेगा पता

# बिहार बोर्ड फर्जीवाड़े पर रोक के लिए बनवाएगा सॉफ्टवेयर

एजुकेशन रिपोर्टर | पटना

इंटर आर्ट्स के टॉपर गणेश कुमार के फर्जी निकलने के बाद हुई किरकिरी से सबक लेते हुए अब बिहार बोर्ड फर्जीवाड़े पर रोक के लिए विशेष तैयारी कर रहा है। बोर्ड डी-डुप्लीकेशन सॉफ्टवेयर बनवाएगा, जिसके सहारे ऐसे सभी परीक्षार्थियों की पहचान संभव हो सकेगी जो नाम बदलकर या उम्र छिपाकर परीक्षा दे रहे हैं। बोर्ड अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि डी-डुप्लीकेशन सॉफ्टवेयर बनवाया जाएगा जिससे ऐसा कोई भी सस्पेक्ट परीक्षार्थी दिखता है, तो उसकी समीक्षा की जाएगी। इसके बाद ही उसको परीक्षा में शामिल होने दिया जाएगा।

### चार माह में डाटा ऑनलाइन

बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि अगले चार महीने में 1986 से लेकर अबतक का सारा डाटा ऑनलाइन कर लिया जाएगा। इसकी तैयारी जोरशोर से चल रही है। उसके बाद ही ऐसे फर्जीवाड़े पर लगाम लगेगी। इस सॉफ्टवेयर का मुख्य उद्देश्य उम्र छिपा कर परीक्षा में बैठने वाले छात्रों की पहचान करना है। अबतक बोर्ड की ओर से 2005 से लेकर 2016 तक का डाटा ऑनलाइन किया गया है।

### अभी कोई मैकेनिज्म उपलब्ध नहीं

अभी इसका कोई मैकेनिज्म बिहार बोर्ड के पास नहीं है कि कोई भी परीक्षार्थी अगर उम्र छिपाकर या नाम बदलकर परीक्षा देता है तो उसे कैसे रोका जाए। गलती पकड़ में आने के बाद उसपर कार्रवाई की जाती है। आर्ट्स टॉपर गणेश के मामले में भी ऐसा ही हुआ जिसमें उसने उम्र छिपाकर परीक्षा दी थी और फिलहाल वह पुलिस की गिरफ्त में है।

## गणेश का रिजल्ट रद्द करने से पहले ली जाएगी कानूनी राय

एजुकेशन रिपोर्टर | पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति आर्ट्स टॉपर गणेश कुमार का रिजल्ट रद्द करने से पहले लीगल राय लेगी। तीन दिन बीत जाने के बाद भी उसे बोर्ड की ओर से नोटिस नहीं दिया जा सका है। बोर्ड अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि गणेश के जेल में रहने के कारण उसे नोटिस नहीं दिया जा सका है। उसका रिजल्ट निलंबित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि कानूनी सलाह के बाद ही इसपर निर्णय लिया जाएगा। सेकेंड टॉपर नेहा को भी टॉपर उसके बाद ही घोषित किया जाएगा।

### डाटा लीक नहीं हुआ

बोर्ड अध्यक्ष आनंद किशोर ने कहा कि बोर्ड का डेटा लीक नहीं हुआ। इस बार ऑनलाइन फॉर्म भरा गया है तो कई स्कूलों के पास कंप्यूटर नहीं थे। उन्होंने कैफे से फॉर्म भरवाया है, ऐसे में संभव हो कि वहां से कुछ डेटा इधर-उधर किए गए हों। इस मामले में कई लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। बोर्ड की ओर से 13 लोगों पर प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी दर्ज कराने में अगर खुद से दिक्कत हो तो बोर्ड को सूचित करें उनपर प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने ऐसे फोन कॉल से सतर्क रहने के लिए भी कहा है।

### शिक्षकों से मूल्यांकन पर बोर्ड का निर्देश स्पष्ट

आनंद किशोर ने बताया कि प्राथमिक व मध्य विद्यालयों के शिक्षकों से मूल्यांकन पर जो सवाल उठ रहे हैं, उसमें बोर्ड का निर्देश स्पष्ट है। बोर्ड ने यह निर्देश दिया था कि इंटर के मामले में विषयों के पीजी शिक्षक ही कॉपी जांचेंगे, जबकि मैट्रिक के मामले में स्नातक शिक्षक कॉपी जांचेंगे। इस निर्देश में अगर कोई उल्लंघन का मामला होगा तो उसकी जांच कराई जाएगी।

## जिनका रजिस्ट्रेशन हो चुका वे भी दे सकते हैं कंपार्टमेंटल

**पटना |** इस बार इंटर कंपार्टमेंटल की परीक्षा में वैसे परीक्षार्थी भी भाग ले सकते हैं जिनका रजिस्ट्रेशन हो चुका है लेकिन वे किसी कारणवश इंटर की वार्षिक परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। ऐसे हजारों छात्र थे जिनका एडमिट कार्ड नहीं आया था या जिनका फॉर्म ही सबमिट नहीं हुआ। ऐसे छात्र सभी विषयों की परीक्षा दे सकते हैं। बोर्ड अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि ऐसे छात्रों को परीक्षा में शामिल होने का मौका दिया जा रहा है। चूंकि ये छात्र स्कूल की लापरवाही या गलती से परीक्षा नहीं दे सके थे इसलिए इस बार उन्हें मौका दिया जा रहा है। ताकि उनका साल बर्बाद न हो।

### वेबसाइट पर भरा जाएगा फॉर्म

परीक्षा फॉर्म वेबसाइट www.biharboard.ac.in पर विद्यालय प्रधान के द्वारा भरा जाएगा। अध्यक्ष ने बताया कि वैसे छात्र-छात्रा जो फेल कर गए हैं वे अपने विद्यालय प्रधान के जरिए आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय प्रधान सभी परीक्षार्थियों का श्रेणीवार अर्थात एससी-एसटी, पिछड़ा वर्ग की जाति कोटि के प्रमाणपत्र की सूची एवं ऑनलाइन आवेदन देने के बाद फाइनल सूची डाउनलोड कर एक प्रति विद्यालय प्रधान से हस्ताक्षर कराकर जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न कर डीईओ ऑफिस में जमा करेंगे। वहां से समिति कार्यालय भेजा जाएगा।

### ऐसे होगा ऑनलाइन आवेदन

विद्यालय प्रधान इमेल आईडी व मोबाइल नंबर जिला शिक्षा पदाधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। विद्यालय प्रधान द्वारा उपलब्ध कराए गए नंबर एवं आईडी पर समिति द्वारा यूजर आईडी एवं पासवर्ड उपलब्ध कराया जाएगा। विद्यालय प्रधान यूजर आईडी एवं पासवर्ड से समिति की वेबसाइट के लेटेस्ट न्यूज सेक्शन पर जाकर आवेदन पत्र भरने के लिए लॉगइन करेंगे।

**पूर्व मध्य रेल**
**शुद्धि पत्र**
सभी स्क्रैप क्रेताओं को इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पूर्व में निर्धारित ई-निलामी नोटिस सं. 03 में वर्णित दिनांक 07.06.17 को होने वाली ई-निलामी अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।
पीआर/0304/एचक्यू/सी/16 व.सा.प्र./वि./पूमरे/हाजीपुर

**न्यायालय अपर समाहर्त्ता, पटना।**
**दाखिल खारिज पुनरीक्षण वाद सं०-273/1991-92**
**सत्येन्द्र कुमार बनाम किशोर कुमार वगैरह**
नोटिस बनाम
1. किशोर कुमार, पिता- स्व० रघुनाथ प्रसाद, मोहल्ला-अवस्थीघाट, थाना-दानापुर, जिला-पटना।
2. श्रीमती चन्द्रावती देवी, पति-स्व० कमल कुमार, मोहल्ला-अवस्थीघाट, थाना-दानापुर, जिला-पटना।
एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध **दाखिल खारिज पुनरीक्षण वाद सं०-273/1991-92** इस न्यायालय में लाया गया हैं। आपको अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम से एक विहित नोटिस एवं निबंधित डाक से नोटिस निर्गत हुआ था, फिर भी आप अपना पक्ष रखने के लिए स्वयं अथवा आपके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति संबंधित वाद में हाजिर नहीं हो रहें है। इसलिए स्थानीय समाचार पत्र के माध्यम से सूचना प्रकाशित किया जाता है कि उक्त वाद में निर्धारित **तिथि-11.07.2017** को अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम् से अवश्य ही उपस्थित होकर उचित जवाब दाखिल करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में वाद में एक पक्षीय सुनवाई कर आदेश पारित किया जायेगा।
आज **दिनांक - 06.06.2017** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
**अपर समाहर्त्ता, पटना।**

# बिना प्रैक्टिकल के ही गणेश को मिल गए संगीत में 65 नंबर

इंटर कॉलेज के प्राचार्य, संजय गांधी स्कूल की हेडमास्टर और दलाल संजय की थी तिकड़ी, दाखिले के लिए लेते थे रुपए

क्राइम रिपोर्टर | पटना

समस्तीपुर के चकहबीब स्थित जिस रामनंदन सिंह जगदीश नारायण इंटर स्कूल से गणेश कुमार ने परीक्षा दी और टॉप किया, वहां संगीत का प्रैक्टिकल हुआ ही नहीं। बिना परीक्षा के ही गणेश को प्रैक्टिकल में 70 में से 65 नंबर मिल गए। जांच में जुटे पुलिस अधिकारियों ने कहा कि गणेश ने भी पूछताछ में स्वीकार किया है कि इंटर कॉलेज में प्रैक्टिकल नहीं हुआ था।

रिमांड पर लिए गए गणेश कुमार ने खुलासा किया है कि संजय गांधी स्कूल की हेडमास्टर देव कुमारी, रामनंदन सिंह जगदीश नारायण इंटर स्कूल के प्रभारी प्राचार्य अभितेंद्र सिंह और दलाल संजय की तिकड़ी है। हरिपुर, रोसड़ा निवासी दलाल पटना समेत अन्य जिलों से छात्रों का संजय गांधी स्कूल में दाखिला करवाता था। वहां से मैट्रिक पास करने के बाद संजय अभितेंद्र के इंटर स्कूल में नामांकन कराता था। इसमें तीनों छात्रों से 10 से 12 हजार रुपए लेते थे। इधर, पुलिस सूत्रों का कहना है कि अभितेंद्र के इंटर स्कूल का सेंटर टेक्नो मिशन स्कूल, गायत्री परिसर, समस्तीपुर में था। इसी केंद्र पर गणेश ने परीक्षा दी थी। वहां परीक्षा कैसे ली गई, इसकी जांच चल रही है।

**दलाल के आवेदन पर हुआ था दाखिला :** संजय गांधी स्कूल में 2013 में दलाल संजय ने गणेश का दाखिला कराया था। तब हेडमास्टर देव कुमारी ने उसका जन्म प्रमाणपत्र नहीं लिया। संजय ने दाखिला कराने के लिए आवेदन दिया। जिसमें उसने लिखा कि इस आवेदन में उसके जन्म तिथि का घोषणा पत्र संलग्न कर रहा हूं। इसका दाखिला ले लिया जाए। इधर, एसएसपी मनु महाराज ने बताया कि इंटर स्कूल का प्रभारी प्राचार्य अभितेंद्र सिंह फरार है। पुलिस उसकी खोजबीन करने समस्तीपुर गई थी। गणेश ने कई दलालों के बारे में जानकारी दी है।

### हेडमास्टर और प्राचार्य को पता था उम्र के बारे में



गणेश कुमार

पूछताछ में गणेश ने बताया कि संजय गांधी स्कूल की हेडमास्टर और रामनंदन सिंह जगदीश नारायण इंटर स्कूल के प्रभारी प्राचार्य को पता था कि उसकी उम्र ज्यादा है। लेकिन संजय की इतनी पहुंच थी कि दाखिला लेने में ना-नाकुर नहीं किया। तीन दर्जन से अधिक छात्रों का संजय ने दाखिला कराया था। गणेश की रिमांड अवधि बुधवार को खत्म हो रही है। बुधवार को उसे बेउर जेल भेज दिया जाएगा।

## पटना में रहकर फेल होनेवाले छात्रों को फांसता था संजय

**पटना |** इंटर आर्ट्स टॉपर मामले में पुलिस दलाल संजय को रिमांड पर लेने की तैयारी में है। संजय ने ही गणेश को समस्तीपुर से मैट्रिक और इंटर का फॉर्म भरवाया था। दोनों ही स्कूलों में गणेश का लोकल अभिभावक संजय बना था। गणेश ने पूछताछ में संजय के कई राज के बारे में पुलिस को बताया है। गणेश से मंगलवार को भी देर रात तक पटना पुलिस की विशेष टीम पूछताछ करती रही।

संजय के बारे में पुलिस को जानकारी मिली है कि उसके संपर्क में राजधानी और समस्तीपुर के कई सीबीएसई के स्कूल भी हैं। गणेश से मिली जानकारी के बाद विशेष टीम संजय के लिए सवाल तैयार कर रही है। एसएसपी ने कहा कि जल्द ही इन सवालों के जवाब संजय से लिए जाएंगे।

**कई छात्रों का अभिभावक बन चुका है गणेश :** गणेश अबतक दर्जनों छात्रों का अभिभावक बन चुका है। पटना में रहकर वह कोचिंग में पढ़ने वाले या फेल हो जाने वाले छात्रों को फांसता था और दूर दराज के कॉलेजों में उसका नामांकन भी करवाता था। नौवीं में एडमिशन के लिए वह बर्थ सर्टिफिकेट या फिर आठवीं की टीसी की जगह यह लिखकर देता था कि उक्त लड़का नौवीं में नामांकन की योग्यता रखता है।

# बिहार बोर्ड को भी थी संजय गांधी उच्च विद्यालय के फर्जीवाड़े की जानकारी

बिना बीएड की डिग्री के ही देव कुमारी बन गई थीं स्कूल की प्रिंसिपल

### समस्तीपुर जिला प्रशासन को भी दी गई थी अनियमितता की सूचना

क्राइम रिपोर्टर | पटना

समस्तीपुर जिले के संजय गांधी उच्च विद्यालय, लक्ष्मिनियां की पोल परत दर परत खुल रही है। अब स्थानीय लोग भी स्कूल प्रशासन के खिलाफ सामने आने लगे हैं। स्कूल की अनियमितता की जानकारी के साथ कई लोगों ने पटना पुलिस से संपर्क साधा है। पुलिस को हाथ लगे दस्तावेजों की मानें तो बिहार बोर्ड, समस्तीपुर जिला प्रशासन और जिला शिक्षा पदाधिकारी को स्कूल में चल रही अनियमितताओं और फर्जीवाड़े की जानकारी थी। सवाल यह उठता है कि जब इतने स्तर पर स्कूल के गड़बड़झाले के बारे में सक्षम अधिकारियों को बताया गया था तो आजतक संबंधित स्कूल पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

**छात्र कल्याणकारी योजनाओं में हेराफेरी का आरोप :** जिले की रहियार दक्षिण पंचायत के लक्ष्मिनियां में स्थित संजय गांधी हाई स्कूल की प्रधानाध्यापिका देव कुमारी और उनके पति राजकुमार चौधरी पर कई तरह के आरोप पहले भी लग चुके हैं। बोर्ड को और समस्तीपुर जिला प्रशासन के साथ-साथ जिले के डीईओ को भी स्कूल में चल रहे गोरखधंधे के बारे में जानकारी दी गई है। रहियार दक्षिण के मुखिया प्रदीप कुमार महतो ने पिछले साल के सितंबर में ही बोर्ड को पत्र लिखा था। पत्र में कहा गया है कि देव कुमारी और उनके पति मिलकर छात्रों का फर्जी रजिस्ट्रेशन कराकर मोटी कमाई कर रहे हैं। साथ ही मुख्यमंत्री पोशाक योजना, साइकिल योजना, बिहार दर्शन योजना सहित अन्य मदों में आने वाले पैसे की हेराफेरी का भी आरोप लगाया था। वहीं जिले के डीईओ को स्कूल के ही शिक्षकों व अन्य कर्मियों ने लिखित आवेदन देकर कहा था कि अनुदान आने के बाद भी उनलोगों को वेतन नहीं दिया जा रहा है। तब शिक्षकों ने कहा था कि स्कूल का प्रबंधन उनलोगों से रिश्वत की मांग कर रहा है। स्कूल के कुछ कर्मियों की माने तो साल में 2015 में की गई इस शिकायत के बावत अबतक कोई पड़ताल नहीं की गई।

### डिग्री पर सवाल

बिहार बोर्ड को देव कुमारी की डिग्री को लेकर भी शिकायत की गई है। बोर्ड से कहा गया था कि देव कुमारी को बीएड की डिग्री नहीं हरने के बाद भी प्रिंसिपल बना दिया गया था। जबकि स्कूल के कई शिक्षकों के पास बीएड की डिग्री थी जिसे दरकिनार किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि देव कुमारी ने फर्जी सर्टिफिकेट के आधार पर ही मध्य विद्यालय विभूतिपुर में प्रखंड शिक्षिका के रूप में 13 फरवरी, 2007 को ज्वाइन किया था। मामले के खुलासे के बाद 13 फरवरी, 2007 को उन्हें हटा दिया गया।

**केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)**
श्री साईं तारा कॉम्पलेक्स, आई०ए०एस० कॉलनी, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-801503।
(वेबसाईट-www.csbc.bih.nic.in)

**महत्वपूर्ण-सूचना**
**विज्ञापन संख्या-01/2016**

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा बिहार राज्य में वर्ष 2016 में बिहार पुलिस में चालक सिपाही पद की वर्तमान रिक्तियों (1577) से संबंधित विज्ञापन संख्या-01/2016 के क्रम में शारीरिक जाँच-माप परीक्षण एवं दिनांक-11.04.2017 तक अभिलेख सत्यापन के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा समर्पित अभिलेखों के आधार पर जो अभ्यर्थी औपबंधिक रूप से अगले चरण- ''वाहन चालन क्षमता जाँच'' के लिए पात्र पाए गये है उनका परीक्षा कार्यक्रम एवं सूचना (अंतिम सूची) पर्षद की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों की ''वाहन चालन क्षमता जाँच'' बिहार वेटनरी कॉलेज मैदान, पो0-वेटनरी कॉलेज, थाना-हवाई अड्डा, पटना-800014 में होगी। अभ्यर्थियों की वाहन चालन क्षमता जाँच हेतु ''नया'' प्रवेश-पत्र दिनांक-08.06.2017 से दिनांक-17.06.2017 तक पर्षद की वेबसाइट www.csbc.bih.nic.in पर Download हेतु उपलब्ध रहेगा।

विशेष परिस्थिति में, जो अभ्यर्थी किसी कारणवश वेबसाइट से ई-प्रवेश-पत्र Download नहीं कर सकें, वे दिनांक-19.06.2017 को 10:00 बजे पूर्वाह्न से 17:00 बजे संध्या तक केन्द्रीय चयन पर्षद के बैक हार्डिंग रोड (सचिवालय हॉल्ट के निकट) पटना-800001 स्थित कार्यालय से डुप्लीकेट ई-प्रवेश-पत्र अपने खर्च पर प्राप्त कर सकते हैं।

डुप्लीकेट ई-प्रवेश-पत्र प्राप्त करने हेतु अभ्यर्थी पुराने प्रवेश-पत्र, आवेदन-पत्र की छायाप्रति एवं ड्राइविंग लाइसेंस के साथ स्वयं उपस्थित होंगे। अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि वे अपने प्रवेश-पत्र को 'वाहन चालन क्षमता जाँच' के बाद भी अपने पास सुरक्षित रखें, क्योंकि अगले चरण में भी इसकी आवश्यकता होगी।

ज्ञापांक-433/के0च0प0
पटना, दिनांक-06/06/2017

**अध्यक्ष,**
**केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),**
**बिहार, पटना।**